# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2017–18

वार्षिक परीक्षा अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा– छठी | विषय– हिंदी

खंड–क

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

मनुष्य और पशु में यदि कोई अंतर है तो यह कि पशु परहित की भावना से शून्य होता है। वह मनुष्य पशु के समान है जिसका हृदय दूसरों को देखकर द्रवित नहीं होता । ईश्वर को वे लोग ही सबसे अधिक प्रिय होते हैं जो मानव जाति की सेवा करते हैं तथा मानव मात्र से प्यार करते हैं। भारतीय संस्कृति में तो परोपकार को बहुत महत्त्व दिया गया है। इसके अनुसार मनुष्य जो भी कार्य करे उसका उद्देश्य 'बहुजन हिताय' अर्थात् बहुतों के हित के लिए होना चाहिए। व्यास जी का कथन है कि दूसरों का भला सबसे बड़ा पुण्य है और दूसरों को कष्ट पहुँचाना सबसे बड़ा पाप ।

1. मनुष्य और पशु में मूलभूत क्या अंतर होता है ?
2. किस प्रकार का मनुष्य पशु–तुल्य होता है ?
3. ईश्वर किस प्रकार के लोगों को सबसे अधिक प्यार करता है ?
4. व्यास जी के अनुसार सबसे बड़ा पुण्य और सबसे बड़ा पाप क्या है ?
5. गद्यांश का उचित शीर्षक होगा।

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

मैनें छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे
सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे
रूपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी,
और फूल –फलकर, मैं मोटा सेठ बनूँगा ।
पर बंजर धरती से एक न अंकुर फूटा,
बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगा ।
सपने जाने कहाँ मिटे कब धूल हो गए ।

क. कवि ने छुटपन में क्या काम किया था ?
ख. कवि ने क्या सपना देखा ?
ग. कवि के सपने का क्या हुआ ?
घ. कवि के अनुसार किसके पेड़ उगेगें ?
ड. 'बजंर' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

प्र.3 निम्नलिखित काव्यांश का प्रसंग सहित व्याख्या व भाषा सौंदर्य लिखिए ।

खेलत स्याम सखा लिए संग ।
इक मारत इक रोकत गेंदहि, इक भागत करि नाना रंग ।
मार परस्पर करत आपु मैं, अति आनंद भये मन माहिं ।
खेलत ही में स्याम सबनि कौ, जमुना तट कौं लीन्हेजाहि ।

## खंड– ख

**प्र.4 निम्नलिखित लघु उत्तर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

प्र.1 विशेषण किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए ।

प्र.2 संधि किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए।

प्र.3 संज्ञा किसे कहते हैं ? इसके मुख्य भेदों के नाम लिखिए ।

प्र.4 शब्द किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए।

**प्र.5 निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

प्र.1 उद्धरण चिह्न कितने प्रकार के हैं ?

प्र.2 वाक्य किसे कहते हैं ?

प्र.3 काल के कितने भेद हैं ?

प्र.4 रचना के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं ? नाम लिखिए।

प्र.5 संयुक्त व्यंजन और द्वित्व-व्यंजन किसे कहते हैं ?

**प्र.6 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।**

1. क. सवेरा (दो–दो पर्याय शब्द लिखिए)
   ख. महादेव

2. क. नाम रगड़ना (मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें)
   ख. हवाई किले बनाना

3. क. मुद्रा (दो–दो अनेकार्थक शब्द लिखिए)
   ख. पद

4. क. लक्ष (श्रुतिसम शब्द के अर्थ लिखें)
   ख. लक्ष्य

5. क. चारों तरफ़ चक्कर लगाना । (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए)
   ख. साफ़–साफ़ कहने वाला ।

6. क. ' ! ' (विराम चिह्नों के नाम लिखिए)
   ख. ,

7. वहाँ <u>कौन</u> खड़ा है ? (रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखिए)

8. सहायता, चिह्न (वर्ण–विच्छेद कीजिए)

9. क. दीपावली (संधि–विच्छेद कीजिए)
   ख. रवींद्र

10. क. सभ्य (भाववाचक संज्ञा बनाइए)
    ख. परिवार

11. क. अनन्या झूलती है। (क्रियाओं को रेखांकित कर वाक्य के सामने सकर्मक या अकर्मक क्रिया लिखिए)
    ख. भारती टेलीविज़न देखती है।

12. क. अनामिक गा चुकी होगी । (काल के भेदों के नाम लिखिए)
    ख. सविता दवा पी रही थी ।

13. क. रणवीर रेलगाड़ी से हरिद्वार जाएगा। (उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए)
    ख. कृष्ण बलदेव वैद्य प्रसिद्ध कहानीकार है।

## खंड–ग

प्र.7 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?
- प्र.1 हेडमास्टर साहब ने मंच पर आकर क्या कहा ?
- प्र.2 कार्निस तक पहुँचने के लिए केशव और श्यामा ने क्या किया ?
- प्र.3 पुरस्कार मिलने की बात सुनकर तपन को विश्वास क्यों नहीं हो रहा था ?

प्र.8 अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- प्र.1 सिंगाराम कौन था?
- प्र.2 जगतदादा का प्रिय खेल क्या था ?
- प्र.3 तपन की गिनती कैसे छात्रों में थी ?

**प्र.9 निर्देशानुसार उत्तर लिखें ।**

1. क. देव + आलय (संधि कीजिए)
   ख. पर + उपकार

2. अगर महाजन ने बुरा काम किया है तो उसका फैसला ............. या और लोग करेंगे । (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

3. "कोई सिंगाराम की पगड़ी ले आए, मैं उसे रंग दूँगा"। (किसने कहा)

4. क. बच्चा कुछ सोच रहा था। (लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए)
   ख. भैया स्टूल पर चढ़ गया।

प्र.10 निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

1. माथा 2. जिज्ञासा 3. हरि
4. सिटकनी 6. फुर्तीला

**प्र.11 मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर लिखिए।**

1. यदि खेलते–खेलते दूसरे की गलती से आपको चोट लग जाए, तो आप क्या करेंगे ?

प्र.12 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्र.1 उस विमान का नाम लिखें जिसमें बैठकर राम, लक्ष्मण और सीता अयोध्या पहुँचे ?

प्र.2 दक्षिण–पश्चिम की ओर बढ़ रहे राम–लक्ष्मण पर आक्रमण करने वाले राक्षस का क्या नाम था ?

प्र.3 सुग्रीव के मूल निवास स्थान का क्या नाम था ?

प्र.4 रावण की पत्नी का क्या नाम था ?

## खंड– घ

प्र.13 निम्न विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।

भारतीय किसान

संकेत बिंदु :–
- भारतीय किसान परिश्रमी एवं आदर्शवादी
- भारतीय किसान की दशा
- आज़ादी के बाद भारतीय किसान की दशा

प्र.14 अपने मित्र के जन्मदिन पर उपस्थित न हो सकने के संबंध में पत्र लिखिए।

प्र.15 किसी मैच के बारे में दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को दस पंक्तियों में लिखिए।

प्र.16 अनमोल आयुर्वेदिक तेल का आकर्षक विज्ञापन बनाएं ।

प्र.17 अभिलाषा हिंदी पाठमाला 6 के पृष्ठ सं0 101 पर दिए गए चित्र का वर्णन 50–60 शब्द में कीजिए।